# कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी, बलिया

पत्रांक-एन0एच0एम0/एम0बी0बी0एस0/2025-26/5158

दिनांक-13 नवम्बर ,2025

## — विज्ञप्ति —

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या-179/एसपीएमयू/एन0एच0एम0/डिस्ट्रिक्ट-वाक-इन/2023-24/4150 दिनांक 18.08.2023 के क्रम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों हेतु स्वीकृत पदों के सापेक्ष रिक्त 19 पदों पर एम0बी0बी0एस0 चिकित्साधिकारियों की भर्ती प्रक्रिया वॉक-इन-इण्टरव्यू के माध्यम से निम्न विवरण के अनुसार किया जाना है-

| क्र0 सं0 | कार्यक्रम का नाम | पदनाम | वांछित अनुभव (यदि आवश्यक हों) | रिक्त पदों की संख्या (आरक्षण सहित) | रिक्त पद के सापेक्ष अनुमोदित मानदेय (रु0 प्रतिमाह)/तैनाती स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एन0सी0डी0 क्लीनिक सी0एच0सी0 | चिकित्साधिकारी | अनुभव को वरीयता | 4(2-OBC,1-SC,1-EWS) | Rs.100000/- (NCD Clinic CHC) |
| 2 | एफ0आर0यू0—मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम | महिला चिकित्सा अधिकारी | अनुभव को वरीयता | 1 (SC) | Rs.100000/- (CHC-Rasra) |
| 3 | बाल स्वास्थ्य | चिकित्साधिकारी | अनुभव को वरीयता | 1 (SC) | Rs.100000/- (SNCU- DWH) |
| 4 | कम्यूनिटी प्रोसेस (टेली मेडिसिन) | चिकित्साधिकारी | अनुभव को वरीयता | 1-OBC | Rs-100000/- (DH) |
| 5 | डिस्ट्रिक्ट हास्पिटल स्ट्रेन्थनिंग (डी0एच0एस0) | चिकित्साधिकारी | One Year Experience in Emergency Ward of 100 bedded hospital | 8 (4-UR, 2-OBC, 2-SC) | Rs-100000/- (DH-5) (DWH-3) |
| 6 | अर्बन—पी0एम0 अभीम | चिकित्साधिकारी | अनुभव को वरीयता | 3 (1-UR, 1-OBC, 1-SC) | Rs.80000 +20000 PBI/- (Urban) |
| 7 | एन0यू0एच0एम0 | चिकित्साधिकारी | अनुभव को वरीयता | 1(SC) | Rs.80000 +20000 PBI/- (Urban PHC Kazipura) |

**आवेदन हेतु निर्देश-**

- उपरोक्त समस्त पदों पर वाक-इन-इन्टरव्यू दिनांक 21.11.2025 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से स्थान कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार बलिया में सम्पन्न कराया जायेगा।
- इच्छुक अभ्यर्थी वाक-इन-इन्टरव्यू के समय नवीनतम बायोडाटा, समस्त वांछित मूल अभिलेख, रजिस्ट्रेशन, दो नवीनतम कलर फोटोग्राफ तथा वांछित प्रमाण-पत्रों की स्वप्रमाणित प्रति के 01 सेट के साथ साक्षात्कार में प्रतिभाग कर सकते हैं।
- यह पद पूर्णतया नियत मानदेय पर संविदा शर्तों के अधीन हैं तथा इस पर स्थायीकरण का कोई दावा स्वीकार्य नहीं होगा। भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर रिक्त पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है।
- उपरोक्त पदों पर नियुक्ति एक वित्तीय वर्ष तक के लिए मान्य होगी। जिसे भारत सरकार के अनुमोदनोपरान्त आगे बढ़ाया जा सकता है।
- साक्षात्कार हेतु किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है।
- इच्छुक अभ्यर्थी की आयु विज्ञापन प्रकाशन होने की तिथि पर 65 वर्ष से अधिक न हो।
- चयन प्रक्रिया में उ0प्र0 शासन द्वारा लागू आरक्षण नीति का पालन करते हुए की जायेगी।
- कोई भी प्रतिकूल तथ्य पाये जाने पर जिला स्वास्थ्य समिति/राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 द्वारा एक महीने का नोटिस या नोटिस के बदले एक महीने के बराबर राशि देकर चयनित अभ्यर्थी की संविदा/सेवा समाप्त करने का अधिकार होगा।

(डा0संजीव वर्मन)
मुख्य चिकित्साधिकारी
बलिया

पत्रांक-एन0एच0एम0/मा0सं0/इन्टरव्यू/2025-26/5158 तद् दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

01. विज्ञापन विभाग दैनिक जागरण एवं अमर उजाला बलिया को इस अनुरोध के साथ कि अपने दैनिक समाचार पत्र में शासकीय दर के अनुसार पठनीय विज्ञापन वाराणसी एडिसन में प्रकाशित कर बिल दो प्रतियों में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें जिससे नियमानुसार भुगतान कराया जा सकें।

02. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी बलिया को इस अनुरोध के साथ कि एन0आई0सी0 पोर्टल पर अपलोड करवाने का कष्ट करें।

(डा0संजीव वर्मन)
मुख्य चिकित्साधिकारी
बलिया

13/11/25

Scanned with OKEN Scanner